# वर्षों से अंगद की तरह जमे हैं सिवनी शाखा प्रबंधक!

**सिवनी नवभारत।** जिले की सहकारिता बैंक में स्थानांतरण नीति अभी भी लागू नहीं हुई है कुछ कर्मचारियों को जरूर स्थानांतरण किया गया है लेकिन यह स्थानांतरण केवल प्रशासन और जिले के जनप्रतिनिधियों को दिखाने के लिए किए गए हैं क्योंकि पूरे मध्य प्रदेश में सिवनी जिला एकमात्र ऐसा जिला माना जा रहा है जहां महाप्रबंधक जब से सिवनी जिले में बरगद की पेड़ की तरह जमे हैं तब से रोटेशन नीति पर पारदर्शी अमल क्यों नहीं कर रहे हैं यह बहुत गंभीर विषय माना जा रहा है जहां लगातार नवभारत समाचार पत्र संबंधित अधिकारी शासन प्रशासन और जिले के जनप्रतिनिधियों को बार-बार ध्यान आकर्षित करते हुए प्रमुखता से खबर प्रकाशित कर रहे हैं इसके बाद भी ऐसे प्रबंधन पर अभी तक किसी प्रकार की कोई कार्यवाही न करना कहीं ना कहीं सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग से मधुर संबंध की चर्चा इस समय पूरे जिले में जन चर्चा का विषय बना हुआ है इसके अलावा विपक्ष हमेशा किसानों के हित के लिए चक्का जाम हड़ताल पुतला दहन प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबंधित सत्ताधारी पार्टी के खिलाफ में आगे रहते हैं लेकिन सिवनी जिला सहकारी बैंक के प्रबंधक के के सोनी के ऊपर अभी तक किसी प्रकार का कोई बयान या विरोध सहित शिकायत तक विपक्ष ने नहीं किया है आखिर विपक्ष क्यों मौन है हालांकि अभी कांग्रेस जिला अध्यक्ष नरेश मरावी सक्रिय दिखाई दे रहे हैं तो राजा बघेल जैसे नेता सोशल मीडिया में सुर्खियां बटोर रहे हैं क्या इन नेताओं जिला सहकारी बैंक नहीं दिखाई दे रही है जबकि पूरे जिले में

## सहकारिता मंत्री से मधुर संबंध की चर्चा, मामले में अब भी मौन साधे हुए है विपक्ष








प्रबंधकों सहित कर्मचारी की स्थानांतरण नीति के कारण किसान आज भी परेशान है क्योंकि पुराने प्रबंधको सब कुछ पता है की कहां से क्या होता है जिसके चलते किसान परेशान होते है और मध्य प्रदेश शासन द्वारा समय-समय पर अधिकारियों और कर्मचारियों के स्थानांतरण को लेकर स्पष्ट नीतियां जारी की जाती रही हैं, ताकि प्रशासनिक व्यवस्था में पारदर्शिता बनी रहे और एक ही स्थान पर लंबे समय से जमे कर्मचारियों के कारण उत्पन्न होने वाली विसंगतियों पर अंकुश लगाया जा सके। लेकिन जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक सिवनी में यह सवाल चर्चा का विषय बना हुआ है कि क्या शासन की स्थानांतरण नीति का वास्तविक रूप से पालन किया जाएगा या फिर वर्षों से एक ही शाखा में पदस्थ शाखा प्रबंधकों को केके सोनी महाप्रबंधक और राजनीतिक संरक्षण का लाभ तो नहीं मिल मिल रहा है। वही सूत्रों के अनुसार जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक सिवनी की कई शाखाओं में ऐसे शाखा प्रबंधक पदस्थ हैं, जो पिछले पांच से छह वर्षों से अधिक समय से एक ही स्थान पर कार्यरत हैं। शासन की मंशा के अनुरूप रोटेशन नीति लागू होने पर ऐसे अधिकारियों का स्थानांतरण किया जाना चाहिए, ताकि कार्यप्रणाली में निष्पक्षता और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। हालांकि बैंक के भीतर यह चर्चा भी जोरों पर है कि कुछ शाखा प्रबंधक अपने प्रभाव और राजनीतिक पकड़ के दम पर स्थानांतरण से बचने के लिए लगातार दौड़-धूप कर रहे हैं।

जिले के किसानों का कहना है कि सहकारी बैंक केवल एक वित्तीय संस्था नहीं, बल्कि हजारों किसानों की आर्थिक गतिविधियों का आधार है। फसल ऋण वितरण, खाद-बीज के लिए वित्तीय सहायता, जमा-निकासी सहित अनेक महत्वपूर्ण कार्य बैंक शाखाओं के माध्यम से संचालित होते हैं। ऐसे में यदि लंबे समय तक एक ही स्थान पर अधिकारी जमे रहते हैं तो पारदर्शिता और निष्पक्षता को लेकर सवाल खड़े होना स्वाभाविक है। अब निगाहें जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक सिवनी के महाप्रबंधक के.के. सोनी पर टिकी हुई हैं। यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि वे शासन की स्थानांतरण नीति और रोटेशन व्यवस्था को निष्पक्ष रूप से लागू करते हैं या फिर राजनीतिक दबाव और प्रभावशाली लोगों के संरक्षण या सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग से मधुर संबंध के चलते वर्षों से एक ही स्थान पर काबिज शाखा प्रबंधकों को यथावत बनाए रखें है। और

किसानों और बैंक से जुड़े हितग्राहियों का मानना है कि महाप्रबंधक के.के. सोनी के सामने यह एक बड़ी परीक्षा है। यदि वे पारदर्शी तरीके से रोटेशन नीति लागू करते हैं तो इससे बैंक की कार्यप्रणाली पर जनता का विश्वास मजबूत होगा, वहीं यदि वर्षों से जमे अधिकारियों को संरक्षण मिलता रहा तो शासन की मंशा और स्थानांतरण नीति दोनों पर सवाल उठते रहेंगे।

फिलहाल जिले में यह चर्चा तेज है कि क्या जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक सिवनी में वर्षों से जमे शाखा प्रबंधकों पर स्थानांतरण की गाज गिरेगी, या फिर प्रभाव और पहुंच के आगे शासन की नीति बौनी साबित होगी। आने वाले दिनों में महाप्रबंधक के.के. सोनी का निर्णय ही इस पूरे मामले की तस्वीर साफ करेगा। या विपक्ष कुछ कर पाएगा क्योंकि सिवनी जिले की भोले भाले किसान इस समय महाप्रबंधक की देन के चलते किसानों के साथ हो रहे शोषण का मुख्य कारण विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि महाप्रबंधक द्वारा प्राइवेट कंपनियां से साठ गांठ से विभिन्न प्रकार की खाद यूरिया के माध्यम से समिति प्रबंधकों को दबाव बनाकर किसानों तक पहुंचाने का काम हो रहा है जिस जिले में किसानों भारी आक्रोश में है।

### समितियो के घोटाले में पैसों का मलहम, मुंगवानी समिति पर मेहरबानी

वहीं जिले की अधिकांश समितियां शासन को भारी भरकम राशि का चूना लगा रहे हैं और जिला कलेक्टर को गुमराह करने के बाद आपस की समितियां द्वारा जहां घाटे दिखाई देते हैं उन समिति में सहकारिता विभाग के डी आर सहित विभाग की मिली भगत से जिस समितियां में घाटा होता है उसे समितियां में कैसे फायदा देखने लगता है यह तो विभाग को ही पता है सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि जिले की समितियां में सबसे ज्यादा यदि भ्रष्टाचार हुआ है तो वह बरघाट के अंतर्गत ताखलाकला मैं देखना और सुनने को मिला था इसके बाद लेकिन मुंगवानी और भोमा की समिति भी चर्चाओ मैं है जहां विभागीय सूत्रों से जानकारी मिली है कि लगभग 98 लाख रुपए के घाटे में मुंगवानी समिति थी लेकिन विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों की मिली भगत से इस समिति में लगभग 4 लाख का फायदा बताया गया है ऐसा ही खेल भोमा समिति में भी लगभग 56 लाख का बारदाना घोटाला देखने और सुनने को मिला था इसके साथ भी ऐसा ही हुआ और भारी घाटा के चलते शासन प्रशासन को लाखों रुपए का चुना लग गया क्योंकि बार-बार सहकारिता विभाग में जिस तरीके से चक्कर काटने के बाद इन समितियां को आखिरकार मुनाफे में कैसे आ जाती हैं और कागजों में यह पूरा खेल लीपा पोती कर समितियां को मुनाफा बताया जाता है अगर इस मामले की जांच निष्पक्ष रूप से प्रशासन करें तो निश्चित तौर पर बहुत बड़ा मामला देखने और सुनने को मिल सकता है और समितियां के प्रबंधको को सलाखों के पीछे हो सकते हैं।

### इनका कहना है

मैं अभी अमागढ़ मुंगवानी गंगेरूआ ताखलाकला और मड़वा का प्रशंसक हूं लेकिन प्रबंधन तो समिति के कर्मचारी होते हैं मैं उन पर कार्रवाई नहीं कर सकता

**एनडी कटरे समिति प्रबंधक**

इनको नहीं हटा सकते हैं क्योंकि समिति की ही कर्मचारी हैं और रही घाटे और मुनाफे की बात तो समिति की बैलेंस शीट उनके पास रहती है पता करना है तो उनसे बात करो ।

**महाप्रबंधक सहकारी समिति सिवनी केके सोनी**



# पीछे के दरवाजे से घुसे चोर, 42 तोला सोना और 4 किलो चांदी ले गए

केवलारी पुलिस जांच में जुटी
चोरों ने खाया था दही

**केवलारी नवभारत।** नगर के बिनेकी रोड स्थित छोटे रेलवे ब्रिज के पास शनिवार देर रात एक मकान में बड़ी चोरी की वारदात सामने आई। अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर करीब 42 तोला सोने और 4 किलो चांदी के जेवरात पार कर दिए। चोरी गए सामान की कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। सूचना मिलने पर पुलिस और डॉग स्क्वॉड टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार अभय तिवारी के घर में शनिवार रात करीब 12 बजे से सुबह 3 बजे के बीच चोरी की वारदात हुई। उस समय परिवार के सदस्य घर के एक कमरे में सो रहे थे। चोर पीछे के दरवाजे से घर में दाखिल हुए और जिस कमरे में परिवार के लोग सो रहे थे, उसके दरवाजे को बाहर से बंद कर दिया, ताकि कोई बाहर न निकल सके।

इसके बाद चोरों ने घर में रखी गोदरेज आलमारी को खंगाला और उसमें रखे एक थैले को लेकर फरार हो गए। थैले में करीब 42 तोला सोने तथा लगभग 4 किलो चांदी के जेवरात रखे थे। परिजनों के अनुसार जेवरातों से संबंधित बिल भी उसी थैले में रखे थे, जिन्हें चोर अपने साथ ले गए।

बताया गया है कि चोर घर के पीछे स्थित बाड़ी में पहुंचे, जहां उन्होंने जेवरातों को डिब्बों से बाहर निकाला और कीमती सामान लेकर फरार हो गए। परिजनों ने यह भी बताया कि चोरों ने घर में रखा दही भी खाया था। रविवार सुबह घटना की जानकारी होने पर अभय तिवारी ने केवलारी थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही एसडीओपी आशिष भराड़े, थाना प्रभारी प्रीतम सिंह तिलगाम, एसआई विक्की धुर्वे और पुलिस बल मौके पर पहुंचा। डॉग स्क्वॉड टीम की मदद से घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तथा साक्ष्य जुटाए गए। पुलिस के अनुसार मामले की गंभीरता को देखते हुए तकनीकी साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं। विशेषज्ञों की सहायता से जांच आगे बढ़ाई जा रही है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ कर रही है और संदिग्धों की तलाश में जुटी हुई है। फिलहाल चोरी की वारदात में शामिल आरोपियों की संख्या स्पष्ट नहीं हो सकी है।

## एक नजर में

### अलीनगर में आयोजित हुआ फ्री मेडिकल कैम्प



कान्हीवाड़ा। 14 जून समीपस्थ ग्राम अलीनगर (भटेखारी) में श्री सत्य साई सेवा समिति की ओर से मेडिकल केम्प का आयोजन किया गया जिसमें 3 डाक्टर पुरुष और 2 महिला डाक्टर ने पैरामेडिकल टीम के साथ अपनी सेवाएं प्रदान की। इस केम्प में प्रत्येक व्यक्ति का रजिस्टेशन किया सभी का वजन, शुगर एवं बी पी टेस्ट किया गया। रोग विशेषज्ञ डाक्टर द्वारा गहन जांच की गई। सभी के कार्ड बनाये गए हैं जिसमें उनका जांच रिकॉर्ड संधारित अगली योजना उसी के आधार पर बनाई जाएगी। इस केम्प में 90 महिला 20 बच्चे और 23 पुरुषों ने चैक अप करवाया। 3 बच्चे जो क्रिटिकल रोग से ग्रस्त हैं संगठन के माध्यम से उन्हें अच्छे डाक्टर के पास भेजा जाएगा। इस शिविर में आसपास की समितियों से लगभग 35 पुरुष एवं 25 महिला सेवा दल ने कार्यक्रम को सफल बनाने में पूरा सहयोग दिया। कान्हीवाडा से संतोष बंसकार और उनकी टीम पूरे समय उपस्थित रही और सभी की प्रतिक्रियाएं ली।

### शौर्य कराटे ट्रेनिंग सेंटर के खिलाड़ियों ने प्राप्त की सफलता



बरघाट। जिला कराटे संघ के सचिव शिहान ओंकार कश्यप के निर्देशन में 13 एवं 14 जून को आयोजित प्रशिक्षण शिविर एवं बेल्ट परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस परीक्षा में शौर्य कराटे ट्रेनिंग सेंटर बरघाट के खिलाड़ी भाव्य मर्सकोले, इशाम खान एवं पूनम चौधरी ने सफलतापूर्वक बेल्ट परीक्षा उत्तीर्ण कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इन खिलाड़ियों को मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण सेंसेई संस्कार पटले द्वारा प्रदान किया गया। इस उपलब्धि पर सेंसेई संस्कार पटले ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

### कुशवाहा समाज के महासम्मेलन में पहुंचे 1000 लोग



सिवनी। अखंड भारती कुशवाहा महासभा का सम्मेलन राशि लाल में संपन्न हुआ इस अवसर पर लगभग 1000 लोगों ने शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाया इस अवसर पर कार्यक्रम किया आयोजन मदन गोपाल कुशवाहा ने कहा कि वर्तमान में समाज को एकजुट होने की आवश्यकता है अगर हम एकजुट नहीं हुए थे समाज का विकास संभव नहीं है समाज में हमें अपनी संस्कृति संस्कार और रीति रिवाज के प्रति गंभीर होने की आवश्यकता है आज हम संगठित नहीं है जिसके कारण चाहे जनप्रतिनिधि हो या प्रशासन हमारी अपेक्षा करता है लेकिन अगर हम एकजुट होंगे तो यह हमारे समाज के लिए हितकारी होगा जिस पर विचार किया जाना चाहिए। इस अवसर पर समाज के प्रमुख सुनील राणा ने भी अपने पूर्व जो के इतिहास को लेकर अपनी बात रखी साथ ही अनेक प्रांतों से आए लोगों ने भी इस आयोजन को लेकर मदन गोपाल कुशवाहा को बधाई दी ज्ञातव्य है कि सिवनी नगर में यह पहला सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत की और समाज को एकजुट करने का प्रयास किया कहा गया है।




## केवलारी में तीन दिवसीय विकासखंड स्तरीय जनकल्याण शिविर का आयोजन

**केवलारी नवभारत।** आमजनों को विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ सरलता से उपलब्ध कराने और उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से, विकासखंड केवलारी में शासन के निर्देशानुसार तीन दिवसीय विकासखंड स्तरीय जनकल्याण शिविर का आयोजन 13 से 15 जून तक आयोजित किया जा रहा है।

शिविर जनपद पंचायत केवलारी प्रांगण में आयोजित होगा। जनकल्याण शिविर मे विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा अपने-अपने विभागीय स्टॉल लगाए गए ।इन स्टॉलों के माध्यम से नागरिकों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई । ।शिविर दिनांक 13-06-2026 को विभिन्न योजनाओं के लाभ हेतु नागरिकों से कुल 195 आवेदन प्राप्त हुए थे एवं आज दिनांक 14-06-2026 को 103 आवेदन प्राप्त हुए है। संबंधित विभागों द्वारा इन आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही की जा रही है।

आगामी दिनांक 15-06-2026 को भी शिविर जारी रहेगा। प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि यह शिविर आगामी दिनांक 15-06-2026 को भी निरंतर जारी रहेगा, जिसमें विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत नागरिकों से आवेदन लिए जाएंगे एवं पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा।

# अब अजीविका मिशन में पूर्व बीएम का फर्जीवाड़ा का मामला

डीपीएम की भूमिका पर भी उठे रहे हैं सवाल, जिला पंचायत सीईओ अभी भी मौन?









**सिवनी नवभारत** । जैसा कि विगत दिनों नवभारत समाचार पत्र ने प्रमुखता से अजीविका मिशन पर हुए भ्रष्टाचार को लेकर और सीआईएफ (कम्युनिटी इन्वेस्टमेंट फंड) की राशि के कथित दुरुपयोग का मामला अब एक नया मोड़ सामने आया है जहां। सीआईएफ राशि को नियम विरुद्ध तरीके से खर्च किए जाने की शिकायत जिला कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ तक पहुंचाई गई थी, लेकिन अब महिलाओं के बयानों और बैंक स्टेटमेंट के आधार पर एक बार फिर गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं तेजस्वी संकुल संगठन भोमा की अध्यक्ष सुखमनी उईके ने बताया कि ग्राम संगठन भटेखारी की सीआईएफ राशि से वृक्षारोपण के नाम पर करीब 70 हजार रुपये ट्रांसफर कराए गए। इसके अलावा कन्वर्जेंस भुगतान के नाम पर 7,700 रुपये, वीपीआरपी मानदेय के नाम पर 1,000 रुपये सहित अन्य राशियां भी दूसरे स्थानों पर भेजी गईं। उनका कहना है कि इन सभी लेन-देन का पूरा विवरण संगठन के बैंक स्टेटमेंट में दर्ज है, लेकिन आज तक यह राशि संगठन को वापस प्राप्त नहीं हुई है।

महिलाओं का कहना है कि सीआरपी कार्य करने वाली महिलाओं को नियमानुसार वरिष्ठ कार्यालय से मानदेय प्राप्त होता है और यह राशि समय-समय पर संकुल संगठन तक भी पहुंचती रही है। ऐसे में संगठन की सीआईएफ राशि से अलग-अलग मदों में भुगतान कराए जाने को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। आरोप है कि तत्कालीन बीएम सुभाष साहू की भूमिका में यह पूरा वित्तीय लेन-देन कराया गया। मामले में अब जिला परियोजना प्रबंधक (डीपीएम) संजय रस्तोगी की भूमिका को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। संगठन से जुड़े लोगों का कहना है कि यदि लंबे समय से सीआईएफ राशि के उपयोग में अनियमितताएं हो रही थीं, तो जिला स्तर पर इसकी निगरानी और नियंत्रण की जिम्मेदारी निभाने वाले अधिकारियों ने समय रहते कार्रवाई क्यों नहीं की। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि पूर्व में भी इस संबंध में शिकायतें और समाचार प्रकाशित होने के बावजूद न तो प्रभावी जांच कराई गई और न ही राशि की वसूली सुनिश्चित की गई। और हेमंत कुमारी ने भी वृक्षारोपण कार्यों के लिए संगठन से राशि ट्रांसफर कराए जाने की पुष्टि की है, जबकि सोफल भलावी ने इस संबंध में जानकारी देने से इनकार कर दिया। महिलाओं एवं संगठन पदाधिकारियों का कहना है कि यदि जिले के सभी ग्राम संगठनों और संकुल स्तरीय संगठनों के बैंक खातों, सीआईएफ मद और वित्तीय अभिलेखों की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए तो कथित सीआईएफ घोटाले की परतें खुल सकती हैं। उनका दावा है कि यह मामला केवल एक संगठन तक सीमित नहीं है और व्यापक जांच से कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आ सकते हैं। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए दी गई राशि का यदि नियमों के विपरीत उपयोग हुआ है तो इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई होगी। प्रभावित महिलाओं ने जिला कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ एवं शासन से पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई तथा राशि की वसूली की मांग की है।

## श्री श्याम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत 15 को विविध धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन

**सिवनी नवभारत।** श्री श्याम परिवार समिति, सिवनी द्वारा नागपुर रोड स्थित ऑरेंज सिटी कॉलोनी में नवनिर्मित श्री श्याम मंदिर के तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत सोमवार, 15 जून 2026 को विभिन्न वैदिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया जाएगा। समिति ने समस्त श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त करने की अपील की है। समिति द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 8ः00 बजे गणेश-गौरी पूजन के साथ सभी देवी-देवताओं का आह्वान किया जाएगा। इसके पश्चात प्रातः 11ः00 बजे जलाधिवास एवं सुगंधिवास की पावन विधियां संपन्न होंगी। दोपहर 2ः00 बजे वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन पूजन आयोजित किया जाएगा।

दोपहर 4ः00 बजे श्री राम मंदिर सुंदरकांड समिति द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन होगा, जिसमें भक्तजन श्रीराम भक्ति रस में सराबोर होंगे। इसके बाद शाम 6ः30 बजे पुष्पाधिवास की विशेष पूजा संपन्न होगी।

संध्या 7ः00 बजे से भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रसिद्ध भजन गायक श्री मोनू अग्रवाल, श्री शैलू अग्रवाल, श्री उमंग शर्मा, श्री साहिल बघेल, कु.अनुशिखा अग्रवाल एवं श्री मयंक मयूर बिंदल (डोंगरगढ़) अपनी मधुर प्रस्तुतियां देंगे। इस अवसर पर भव्य श्रृंगार, भव्य दरबार एवं श्याम रसोई की विशेष व्यवस्था भी रहेगी।

समिति ने बताया कि तीन दिवसीय कार्यक्रम में बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं एवं अतिथियों के लिए आवास की व्यवस्था की गई है। आवास हेतु पूर्व जानकारी देकर अपना स्थान सुरक्षित कराने का आग्रह किया गया है।

# फिर बाघ का निवाला बनी आदिवासी महिला, मौत



**धारनाकला नवभारत।** बेहरई से लगे ग्राम मऊ बीजाटोला मे आज फिर एक आदिवासी महिला का शिकार बाघ ने किया है लगातार हो रही बाघ हमले की घटना से अब लोगो का अपने घर से निकलना भी दूभर सा हो गया है चूकि बाघ के शिकार की छेत्र मे यह पहली घटना नही अपितु इसके पूर्व भी इसी सत्र मे पांच से छै जाने जा चूकी है अभी बीते कुछ दिनो पूर्व ही बाघ के हमले मे एक आदिवासी युवक की जान जा चुकी है

प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊ बीजाटोला की रहने वाली शिवकली पति शिवचरण महिला अपने बैल तथा बकरी को लेकर जंगल से सटे अपने खेत मे लेकर गयी थी तभी घात लगाये बैठे बाघ ने हमला करते उसकी जान ले डाली बाघ के द्वारा महिला के कमर के नीचे के हिस्से को बुरी तरह निवाला बनाया गया है बहूत देर तक जब महिला अपने घर वापस नही आई तब परिवार के सदस्यो ने महिला की तलाश करना प्रारंभ किया भारी संख्या मे पुलिस बल तथा वन अमला घटना की सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पहूचकर स्थिति को सम्हालने के प्रयास मे लगे रहे बरघाट विकास खंड के आदिवासी नेता राहुल उईके तथा विजय उईके घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहूच गये तथा बाघ की शिकार महिला को शासन स्तर पर लाभ दिलाने के प्रयास करते नजर आये तथा साथ ही आक्रोशित जनता को समझाईस देने मे अपनी अहम भूमिका अदा करते नजर आये यह पहली घटना नही जहा इन दोनो युवा नेता ओ ने अपने समाज के हित मे कार्य करने मे देरी की हो और इन्ही दोनो युवा नेता ओ के कारण बाघ के हमले मे मृत हुऐ परिवारो को शासन से अच्छी खासी मदद राशि प्राप्त हुई है चूकि समाज हित मे यह दोनो युवा नेता समाज के हित मे खडे हुऐ नजर आते है और आज भी इनके प्रयासो से एकड गरीब परिवार को आर्थिक सहायता का आश्वासन शासन तथा वन विभाग से प्राप्त हुआ है।

**हड़ताल** ब्लाक अध्यक्ष देवी सिंह अरवे की कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय गोरखपुर में पदस्थ अधिक्षिका को हटाए जाने अपनी मांग को लेकर जारी है हड़ताल

# गोंगपा की अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल का तीसरा दिन बीता

**छपारा नवभारत।** नगर से 30 किलोमीटर दूर ग्राम गोरखपुर में विगत 10 जून को गोंगपा सिवनी ब्लाक अध्यक्ष देवी सिंह अरवे द्वारा छपारा विकास खंड के ग्राम गोरखपुर स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में पदस्थ अधिक्षिका श्रीमती अंजना शर्मा (गोयल) को वहां से हटाए जाने को लेकर मांग पर कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपा जिसमें अवगत कराया गया था कि 12 जून को वह अपनी मांग को लेकर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठेंगे वहीं विगत 12 जून से देवी सिंह अरवे ग्राम गोरखपुर स्थित मंच जहां विरसा मुंडा जी की प्रतिमा स्थापित है के समक्ष अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर दोपहर 1 बजे से शुरू कर दी है वहीं रविवार को उनके भूख हड़ताल का तीसरा दिन बीता जहां अनवरत उनकी अपनी मांग को लेकर भूख हड़ताल जारी है।

### क्या है पूरा मामला

विगत 2015 से कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय ग्राम गोरखपुर में श्रीमती अंजना शर्मा (गोयल) पदस्थ हैं वहीं दूसरी और अनेकों बार उन्हें विद्यालय स्थानांतरित




किए जाने को लेकर क्षेत्रीय जनों के द्वारा शिकायतें संबंधित कार्यालयों को की गई जिसमें अधिक्षिका श्रीमती अंजना शर्मा (गोयल) पर गंभीर आरोपों को लेकर एवं लगातार 10 वर्षों तक एक छात्रावास में पदस्थ रहने को लेकर उनके स्थानांतरण की मांग विगत 10 वर्षों से जिला कलेक्टर संबंधित विभाग एवं जनप्रतिनिधियों को की गई परन्तु कोई भी कार्रवाई नहीं होने की दशा में अब अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल जारी है।

अब यह देखना होगा कि तीन दिन भूख हड़ताल को बीत जाने के बाद कब संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन द्वारा क्या कुछ जांच एवं कार्यवाही शुरू होगी।

### आज से छपारा एवं धनौरा में लगेंगे जनकल्याण शिविर

**सिवनी।** 15 जून से छपारा एवं धनौरा जनपद पंचायत प्रांगण में तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर प्रारंभ होंगे, जो 17 जून तक संचालित रहेंगे। कलेक्टर नेहा मीना के निर्देशन में आयोजित इन शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी। साथ ही पात्र हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त कर उनका निराकरण किया जाएगा तथा आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों के समाधान के लिए विभागीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे। शिविरों में राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, कृषि, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, सामाजिक न्याय, खाद्य, श्रम सहित अन्य विभागों की सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएंगी। आगामी चरण में कुरई एवं सिवनी विकासखंड मुख्यालयों में 16 जून से 18 जून 2026 तक जनकल्याण शिविर आयोजित किए जाएंगे। सभी शिविर संबंधित जनपद पंचायत प्रांगण में संपन्न होंगे।